# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

## ज्ञापन

क्रमांक. 7011 / दो–14–1/2021 बिलासपुर, दिनांक 16 जून, 2023.

प्रति,

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**
जांजगीर–चांपा / राजनांदगॉव / कोरबा / कोरिया (बैकुण्ठपुर) / रायपुर / दंतेवाड़ा / बस्तर (जगदलपुर) / धमतरी / कबीरधाम / सरगुजा (अम्बिकापुर) / महासमुंद / रायगढ़ / जशपुर / दुर्ग / कांकेर / बिलासपुर / कोण्डागॉव / बालोद / बेमेतरा / बलौदाबाजार / सूरजपुर / मुंगेली / बलरामपुर स्थान रामानुजगंज (छ0ग0)

विषय :– स्टाफ कार ड्राईवर के पद हेतु प्रायोगिक परीक्षा की सूचना को नोटिस बोर्ड में चस्पा किये जाने / वेब–साईट में अपलोड किये जाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्टाफ कार ड्राईवर के पद की भर्ती हेतु प्रायोगिक परीक्षा के लिये आहूत किये जाने वाले कुल 87 अभ्यर्थियों की सूची एवं सूचना को छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट **https://highcourt.cg.gov.in** पर अपलोड किया गया है।

अतः जिला न्यायालय कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय के नोटिस बोर्ड में संलग्न सूचना को चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। इसके अलावा जिला न्यायालय की वेब–साईट पर भी सूचना अपलोड किया जाये।

संलग्न– सूचना।

(अरविंद कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
16.06.2023

# छत्तीसगढ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

## सूचना

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में स्टाफ कार ड्राईवर के पद की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमाँक–01/2021, दिनाँक–03/07/2021 के माध्यम से आवेदन–पत्र मंगाये गये थे।

स्टाफ कार ड्राईवर के पद हेतु दिनांक 07/05/2023 को आयोजित प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण कुल 87 अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण की प्रायोगिक परीक्षा, परीक्षा स्थल "ट्रैफिक पार्क, ग्राम लगरा, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बिलासपुर के बगल में, सीपत रोड बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)" में प्रातः 08.00 बजे से निम्नानुसार तिथियों में आयोजित किया जाना है–

| प्रायोगिक परीक्षा की तिथि | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|
| 22/06/2023 | 30 |
| 23/06/2023 | 30 |
| 24/06/2023 | 27 |

उक्त अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी प्रायोगिक परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व (प्रातः 07.00 बजे) प्रायोगिक परीक्षा स्थल में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

आवेदक अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं, जो उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा, जो अभ्यर्थी के प्रायोगिक परीक्षा के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। किसी भी आवेदक को अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय को प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थियों का प्रायोगिक परीक्षा किसी अन्य तिथि/समय पर नहीं लिया जायेगा तथा उनका प्रायोगिक परीक्षा हेतु दावा/अधिकार समाप्त हो जाएगा।

प्रायोगिक परीक्षा स्थल में अभ्यर्थी प्रवेश पत्र, ट्रान्सपोर्ट (कामर्शियल) ड्राईविंग लायसेंस की मूल प्रति एवं उसकी एक छायाप्रति तथा अपनी पहचान के संबंध में अपना पहचान पत्र जैसे वोटर आई.डी. कार्ड/आधार कार्ड/बैंक पास–बुक (फोटो युक्त)/पैन कार्ड/स्मार्ट कार्ड में से किसी एक की मूल प्रति एवं उसकी एक छायाप्रति के साथ उपस्थित हो। प्रायोगिक परीक्षा स्थल में प्रवेश पत्र, ट्रान्सपोर्ट (कामर्शियल) ड्राईविंग लायसेंस की छायाप्रति (अपना रोल नम्बर अंकित कर) एवं पहचान पत्र की छायाप्रति (अपना रोल नम्बर अंकित कर) में स्वयं का हस्ताक्षर (स्वप्रमाणित) कर अधिकृत अधिकारी/ कर्मचारी को अनिवार्य रूप से सौंपे।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(अरविंद कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
16.06.2023